Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 03-05-2007

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

Title: Need to construct new dams in the Bundelkhand region of Uttar- Pradesh to check the receding water-table in the region.

श्री राजनारायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ0प्र0) : महोदय, उत्तर प्रदेश के बुन्देलखंड के सभी जिलों - हमीरपुर, महोबा, बांदा, झांसी, ललितपुर एवं जालौन में जल स्तर लगातार बहुत तेजी से घटता जा रहा है जिससे हैंडपम्प, कुएं एवं नलकूप आदि प्रभावित हो रहे हैं। जल स्तर गिरने से पीने का पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। पूरे बुंदेलखंड में हाहाकार मचा हुआ है। जल स्तर नीचे जाने से रोकने के लिए तत्काल आवश्यक उपाय किये जाने बहुत जरूरी हैं। पिछले लगातार पांच वर्ों में सूखे की स्थिति होने के कारण नदियां, बांध, चैकडेम, तालाब एवं पोखरों में जल भंडारण का अभाव बना हुआ है।

बुंदेलखंड का किसान लगातार सूखे से परेशान है। बार बार उक्त मामला सदन में उठाने के बावजूद भी सरकार से कोई मदद नहीं मिली है।

अतः सदन के माध्यम से केन्द्रीय सरकार से अनुरोध है कि कृपया बुंदेलखंड में पीने के पानी एवं किसानों को सिंचाई के लिए नये बांध बनाकर गिरते जल स्तर को रोकने हेतु तत्काल कदम उठाए जायें।